कृषि महाविद्यालय, मंडोर-जोधपुर
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर- 342304 राजस्थान, (भारत)
COLLEGE OF AGRICULTURE, MANDOR-JODHPUR
AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR-342 304
RAJASTHAN (INDIA)

Prof. B.S. Bhimawat
Dean & Faculty Chairman
Phone: 0291-2572565 (O)
E Mail: coajodhpur@gmail.com

Dated: 15/02/2020

कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के माननीय कुलपति प्रो. जे एस सन्धु ने कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का भ्रमण किया

कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के माननीय कुलपति प्रो. जे एस सन्धु ने कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अनुसंधान केन्द्र, अनुसंधान प्रक्षेत्र, प्रीसीजन फार्मिंग एवं कृषि महाविद्यालय, जोधपुर का भ्रमण कर विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। कृषि विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो बी आर चौधरी ने प्रो सन्धु का जोधपुरी साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया एवं कृषि विश्वविद्यालय में जारी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित कृषि महाविद्यालय जोधपुर के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ बी एस भीमावत ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रो सन्धु को दी एवं उन्हें कृषि महाविद्यालय का भ्रमण एवं अवलोकन करवाया। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम एवं महिलाओं की सुविधा हेतु लगायी गयी सेनेट्री नेपकिल वेंडिग मशीन को देखकर प्रो सन्धु अत्यंत अभिभूत हुए। महाविद्यालय के पुस्तकालय व प्रयोगशालाओं एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र पर उपलब्ध अनुसंधान सुविधाओं एवं सभागार का अवलोकन कर प्रो सन्धु ने प्रसंशा करते हुए कहा कि कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर निश्चित ही आने वाले समय में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में शुमार होगा। अनुसंधान एवं विस्तार निदेशालय के अवलोकन उपरांत प्रो सन्धु ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित बाजरे की किस्म एमपीएमएच–17 व तिल की किस्म आरटी–372 आने वाले समय में सफलता की नई ऊंचाईयां छुएगी। प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा गांव गोद कार्यक्रम के तहत करवाये गये विकास कार्यों की अतिथि कुलपति ने भूरी–भूरी प्रसंशा की। इस अवसर उपस्थित कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ ईश्वर सिंह व निदेशक अनुसंधान डॉ एस आर कुम्हार ने प्रो सन्धु का कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर पधारने हेतु तहे दिल से आभार जताया।

अधिष्ठाता